भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 36 | बिजौलिया - बुधवार,16 सितम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

किशाऊ बांध से राजस्थान समेत 6 राज्यों को मिलेगी जल सुरक्षा की नई ताकत

दशकों से अटकी बहुउद्देश्यीय परियोजना पर एमओयू, अमित शाह की अध्यक्षता में छह राज्यों ने किया समझौता





भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

दशकों से लंबित किशाऊ बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना को मंगलवार को नई गति मिली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में नई दिल्ली में परियोजना को लेकर महत्वपूर्ण एमओयू हुआ। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल के साथ राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किशाऊ बांध परियोजना के एमओयू को राज्यों के बीच आपसी सहयोग और सहमति की बड़ी मिसाल बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास' के विजन से राज्यों की सहमति के जरिए वर्षों से अटकी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के समाधान का रास्ता खुला है।

राजस्थान को लगातार मिल रही बड़ी जल परियोजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश को यमुना जल समझौता, रामजल सेतु लिंक परियोजना, नर्मदा जल समझौता और अब किशाऊ बांध परियोजना जैसी बड़ी जल परियोजनाओं की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि ये समझौते प्रदेश की जल सुरक्षा के लिए दूरगामी महत्व रखते हैं और आने वाली पीढ़ियां इन फैसलों को याद रखेंगी।

सिंचाई और पेयजल जरूरतों को मिलेगा आधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि किशाऊ बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना से राजस्थान सहित छह राज्यों में सिंचाई, पेयजल और अन्य आवश्यकताओं के लिए जल उपलब्धता को मजबूती मिलेगी। इससे संबंधित राज्यों में जल सुरक्षा बढ़ेगी और विकास की गति को निरंतर बनाए रखने में मदद मिलेगी।

बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित संबंधित राज्यों के मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत आज से दो दिवसीय भीलवाड़ा दौरे पर

मालासेरी डूंगरी और सवाई भोज मंदिर में कार्यक्रमों में होंगे शामिल



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत 16 एवं 17 सितंबर को दो दिवसीय जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे आसींद क्षेत्र के मालासेरी डूंगरी और सवाई भोज मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल 16 सितंबर को दोपहर 2:15 बजे जयपुर स्थित लोक भवन से सड़क मार्ग द्वारा रवाना होकर शाम 5:15 बजे गुलाबपुरा स्थित हिंदुस्तान जिंक गेस्ट हाउस पहुंचेंगे। यहां अल्प विश्राम के बाद शाम 5:45 बजे आसींद के लिए रवाना होंगे।

राज्यपाल शाम 6:30 बजे मालासेरी डूंगरी पहुंचकर गरुड़ अवतार लीलाधर घोड़ा के 1115वें अवतरण दिवस समारोह में सहभागिता करेंगे। इसके बाद शाम 7:40 बजे मालासेरी डूंगरी से रवाना होकर 7:55 बजे सवाई भोज मंदिर, आसींद पहुंचेंगे। यहां वे दर्शन करने के साथ भजन संध्या में भी शामिल होंगे।

रात 8:55 बजे सवाई भोज मंदिर से गुलाबपुरा के लिए रवाना होकर राज्यपाल रात करीब 10 बजे हिंदुस्तान जिंक गेस्ट हाउस पहुंचेंगे, जहां रात्रि विश्राम करेंगे।

17 सितंबर को जयपुर रवाना होंगे

17 सितंबर की सुबह अल्पाहार के बाद राज्यपाल सुबह 9:30 बजे सड़क मार्ग से जयपुर के लिए रवाना होंगे। उनके दौरे को लेकर प्रशासन की ओर से आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

बिजोलिया में पालिका अध्यक्ष पद की चुनावी प्रक्रिया शुरू, पहले दिन नहीं आया कोई नामांकन

कांग्रेस की विजेता पार्षद भूमिका सुवालका ने खरीदा आवेदन, निर्दलीयों पर टिकी भाजपा-कांग्रेस की नजर



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

नगर पालिका चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अब अध्यक्ष पद को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। बिजोलिया नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की लोक सूचना मंगलवार को जारी कर दी गई। अध्यक्ष पद के लिए मंगलवार से नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई, हालांकि पहले दिन किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया। वहीं कांग्रेस की वार्ड 15 से विजेता पार्षद भूमिका सुवालका ने अध्यक्ष पद के लिए आवेदन खरीदा है। इसके बाद कांग्रेस की ओर से अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं।

उपखंड अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी सी.एल. शर्मा ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए नाम निर्देशन पत्र 16 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक लिए जाएंगे। प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा 17 सितंबर को की जाएगी। इसके बाद 18 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक अभ्यर्थी नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसी दिन चुनाव चिह्नों का आवंटन किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर 21 सितंबर को सुबह 10 बजे से मतदान कराया जाएगा। मतदान के बाद मतगणना की जाएगी। अध्यक्ष पद के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के अगले दिन नगरपालिका की बैठक में नियमानुसार उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया जाएगा।

12 भाजपा, 11 कांग्रेस और 2 निर्दलीय

बिजोलिया नगर पालिका के 25 वार्डों के चुनाव परिणाम में भाजपा ने 12 सीटें, कांग्रेस ने 11 सीटें और 2 निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में सामने आई है, लेकिन बहुमत के आंकड़े से एक सीट दूर है। वहीं कांग्रेस बहुमत से दो सीट दूर है। ऐसे में दोनों प्रमुख दलों की नजर अब दो निर्दलीय पार्षदों पर टिकी हुई है। अध्यक्ष पद के चुनाव में निर्दलीय पार्षदों का समर्थन निर्णायक भूमिका निभा सकता है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने-अपने पक्ष में समर्थन जुटाने की कवायद में जुटे हैं।

18 सितंबर को साफ होगी तस्वीर

अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 16 सितंबर है। 17 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच और 18 सितंबर को नाम वापसी के बाद चुनाव मैदान में बचे प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट होगी। जरूरत पड़ने पर 21 सितंबर को मतदान होगा। ऐसे में आने वाले दिनों में बिजोलिया की सियासत में जोड़-तोड़ और समर्थन जुटाने का दौर और तेज होने की संभावना है।

कावाखेड़ा फायरिंग कांड में दो आरोपी गिरफ्तार, तीन दिन के रिमांड पर

सद्दाम और रामकिशन को बनेड़ा-शाहपुरा के पास से पकड़ा, वारदात में इस्तेमाल पिस्टल की तलाश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के कावाखेड़ा में सोमवार रात युवक पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी सद्दाम और उसके साथी रामकिशन को पुलिस ने लोकेशन ट्रेस, मुखबिर की सूचना और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बनेड़ा-शाहपुरा क्षेत्र के पास से पकड़ा। दोनों आरोपियों को मंगलवार शाम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर वारदात में इस्तेमाल पिस्टल बरामद करने के साथ फायरिंग के पीछे की वजह और घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

पुलिस के अनुसार कावाखेड़ा क्षेत्र में सोमवार देर शाम सद्दाम और युवक चीकू आमने-सामने हो गए। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो



देखते ही देखते विवाद में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान सद्दाम ने पिस्टल निकालकर चीकू पर फायर कर दिया। गोली युवक की पसलियों में लगी। फायरिंग के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ मौके से फरार हो गया।

गोली चलने की घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल युवक को तत्काल महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जांच में सामने आया कि सद्दाम और चीकू के बीच विवाद नया नहीं था। दोनों के बीच मोहर्रम के दिन किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद दोनों के बीच सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे के खिलाफ कमेंट किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस के अनुसार इसी पुरानी तनातनी के बीच सोमवार देर शाम दोनों कावाखेड़ा में फिर आमने-सामने आ गए। विवाद बढ़ने के बाद फायरिंग की घटना हुई।

घटना के बाद कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की। मुखबिर तंत्र से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस टीम ने बनेड़ा-शाहपुरा क्षेत्र के पास दबिश देकर सद्दाम और रामकिशन को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से तीन दिन का पुलिस रिमांड मिला है। रिमांड के दौरान वारदात में इस्तेमाल पिस्टल बरामद करने, फायरिंग के कारणों का पता लगाने और पूरे घटनाक्रम की जांच की जाएगी। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि घटना में आरोपियों के साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे।

पंचायतीराज चुनाव 2026: आरक्षण की लॉटरी प्रक्रिया स्थगित

17 और 18 सितंबर को प्रस्तावित थी जिला परिषद, पंचायत समिति, सरपंच व वार्ड पंच पदों की आरक्षण प्रक्रिया

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 को लेकर जिले में प्रस्तावित आरक्षण एवं लॉटरी की कार्यवाही स्थगित कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य एवं प्रधान के पदों/सीटों के आरक्षण तथा संबंधित लॉटरी की प्रक्रिया 17 सितंबर को जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित थी।


इसी प्रकार ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के आरक्षण की कार्यवाही 18 सितंबर को संबंधित उपखंड मुख्यालयों पर प्रस्तावित की गई थी।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दोनों तिथियों को प्रस्तावित आरक्षण एवं संबंधित लॉटरी की कार्यवाही को स्थगित किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, जयपुर की ओर से आरक्षण एवं लॉटरी प्रक्रिया के लिए आगामी तिथियां निर्धारित किए जाने के संबंध में अवगत कराया गया है। नई तिथियां निर्धारित होने पर इसकी सूचना यथासमय जारी की जाएगी।

राधे कृष्णा हर्बल
मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल
30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

मातृकुंडिया में गूंजा महर्षि गर्ग जयंती समारोह का जयघोष



भीलवाड़ा फोकस @ राशमी।

मेवाड़ के हरिद्वार के नाम से प्रसिद्ध मातृकुंडिया धाम में महर्षि गर्ग जयंती समारोह का दो दिवसीय आयोजन 15 और 16 सितंबर को श्रद्धा और भक्ति के साथ होगा। मंगलेश्वर महादेव की नगरी मातृकुंडिया स्थित महर्षि गर्ग मंदिर प्रांगण में होने वाले इस धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

मातृकुंडिया मंदिर विकास समिति एवं समस्त गर्ग ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह की शुरुआत 15 सितंबर की रात भव्य भजन संध्या से होगी। इसमें प्रसिद्ध गायक भक्ति गीतों और भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेंगे।

समारोह के दूसरे दिन 16 सितंबर को सुबह ऋषि पूजन और विशेष अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ एवं हवन होगा तथा महाआरती का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे से महर्षि गर्ग की महिमा और जीवन से जुड़ी ऋषि कथा का वाचन होगा। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी (भंडारे) का आयोजन किया जाएगा।

महर्षि गर्ग को ज्योतिष शास्त्र और संगीत परंपरा से जुड़े महान ऋषि तथा यदुवंश के कुलगुरु के रूप में माना जाता है। जयंती समारोह को लेकर समाजजनों में विशेष उत्साह है।

आयोजक समिति ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं, गर्ग समाजजनों एवं स्वजातीय बंधुओं से परिवार सहित मातृकुंडिया धाम पहुंचकर समारोह में भाग लेने और धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

नटू काका ने किए द्वारकाधीश मंदिर में राजभोग दर्शन



भीलवाड़ा फोकस @ राजसमंद।

श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के प्रसिद्ध श्री द्वारकाधीश मंदिर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर टीवी धारावाहिक तारक मेहता का उल्टा चश्मा में नटू काका का किरदार निभा रहे अभिनेता किरण भट्ट (किरण भाई) ने प्रभु श्री द्वारकाधीश के राजभोग झांकी के दर्शन किए। दर्शन के पश्चात मंदिर की परंपरा अनुसार मुख्य अधिकारी भगवतीलाल पालीवाल ने अभिनेता किरण भट्ट को प्रभु का उपरना ओढ़ाकर एवं प्रसाद भेंट कर समाधान किया। इस अवसर पर मुख्य समाधानी राजकुमार गोरवा, गौ सेवा समाधानी आशीष गोरवा, कार्यालय अधीक्षक बंशीलाल पालीवाल तथा प्रसादी भंडार नामेदार सुनील ठाकुर सहित सेवदार मौजूद थे।

211 किलो 820 ग्राम अवैध चंदन की लकड़ी व कार जब्त, 2 तस्कर गिरफ्तार



भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़ ।

अवैध चंदन तस्करी के विरूद्ध बड़ीसादड़ी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 211 किलो 820 ग्राम अवैध चंदन की लकड़ी से भरी क्रेटा कार को जब्त कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह के निर्देशन में व पुलिस उप अधीक्षक बडीसादडी हरिशचन्द्र सिंह के सुपरविजन में एएसआई हरिराम मय जाप्ता ने दौराने सर्कल गश्त कस्बा बडीसादडी में घण्टाघर की तरफ आई संदिग्ध क्रेटा कार को रजवाड़ी होटल के पास रूकवाई जाकर चालक मूनव्वर हुसैन मन्सुरी पिता मुस्तफा हुसैन मन्सुरी मुस्लमान निवासी इन्द्रा कॉलोनी बडीसादडी एवं चालक के पास वाली सीट पर बैठे परवेज रज्जा पिन्जारा पिता मकसूद उर्फ मसुद हुसैन मुस्लमान निवासी इन्द्रा कॉलोनी बडीसादडी जिला चितौडगढ से कार के अन्दर रखे बोरों के बारे में पूछा जिस पर उक्त दोनों द्वारा कोई सन्तोषप्रद जबाब नही दिया। उक्त दोनों मूनव्वर हुसैन मन्सुरी एवं परवेज रज्जा पिन्जारा की कब्जेशुद्धा क्रेटा कार की नियमानुसार तलाशी ली जाकर कुल 211 किलो 820 ग्राम अवैध चन्दन की लकडी को जब्त किया जाकर क्रेटा कार को जब्त किया गया। अभियुक्तगण मूनव्वर हुसैन मन्सुरी एवं परवेज रज्जा पिन्जारा को बिना अनुज्ञा पत्र के अवैध चन्दन की लकडी परिवहन करने से गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण दर्ज कर जाकर अनुसंधान जारी है।

70वीं वृत्तस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में जिलेरी-1 ने जीती चैंपियनशिप

कबड्डी में राणाजी का गुड्डा और खो-खो में बड़ोदिया की टीम रही विजेता





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय झाड़ोली में 70वीं वृत्तस्तरीय 11 वर्षीय छात्र-छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की 33 टीमों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक हिस्सा लेते हुए खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कबड्डी प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर राणाजी का गुड्डा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मानगढ़ की टीम उपविजेता रही। वहीं खो-खो प्रतियोगिता में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ोदिया विजेता तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय जलेरी नंबर-1 की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता की चैंपियनशिप राजकीय प्राथमिक विद्यालय जलेरी नंबर-1 ने अपने नाम की।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि सलावटिया उपसरपंच वीरेंद्र कुमार धाकड़ रहे। विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य सलावटिया विनिता गोखरू, आरोली प्रशासक ज्योति जैन, ग्राम सहकारी समिति सलावटिया अध्यक्ष मदनलाल धाकड़, पूर्व सरपंच दुर्गालाल मेघवंशी, चांदजी की खेड़ी उपसरपंच कैलाश धाकड़, उपसरपंच बहादुर बंजारा एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रभुलाल भील सहित जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे। समारोह के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

अजनबी से सावधान रहने का संदेश, 650 विद्यार्थियों को बताए सुरक्षा के उपाय



भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के राज्य स्तरीय कार्यक्रम 'ट्रांसफॉर्मेटिव ट्यूजडेज' के तहत मंगलवार को तालुका विधिक सेवा समिति, शाहपुरा की ओर से विभिन्न विद्यालयों में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में विद्यार्थियों को 'अजनबी से सावधान-मना करो, दूर जाओ, बताओ' अभियान के माध्यम से बाल सुरक्षा और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई।

ए-वन टेक्नोमाइंड स्कूल में अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सानिया हाशमी, अधिवक्ता हितेश कुमार शर्मा एवं अनिल कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को समझाया कि अपरिचित व्यक्ति द्वारा बहलाने-फुसलाने, उपहार या अन्य प्रलोभन देने अथवा असहज व्यवहार करने पर बच्चे तत्काल सतर्क हो जाएं। ऐसी स्थिति में मना करें, सुरक्षित स्थान की ओर दूर जाएं और घटना की जानकारी माता-पिता, शिक्षक या किसी विश्वसनीय व्यक्ति को बताएं।

इंडियन पब्लिक स्कूल में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा चौहान तथा अधिवक्ता अंकित शर्मा एवं राहुल धाकड़ ने विद्यार्थियों को बाल सुरक्षा और उनके विधिक अधिकारों से अवगत कराया। वहीं केशव विद्या मंदिर स्कूल में न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. मनमीत सिंह मोंगा एवं अधिवक्ता कमलेश मुंडेतियाँ ने बच्चों को अजनबियों से सावधान रहने और संदिग्ध परिस्थितियों में तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

डरने या चुप रहने के बजाय तुरंत बताएं

शिविर में विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी संदिग्ध या असहज घटना को छिपाने के बजाय बिना डर के अपने माता-पिता, शिक्षकों अथवा विश्वसनीय व्यक्ति को इसकी जानकारी दें। बच्चों को बाल सुरक्षा एवं संरक्षण से जुड़े अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए निडर होकर अपनी बात रखने का संदेश दिया गया।

विभिन्न विद्यालयों में आयोजित शिविरों में करीब 650 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने विषय से जुड़ी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान किया। कार्यक्रम में विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

संवत्सरी पर परमात्मा की पूजा एवं भक्ति में डूबे श्रद्धालु

बापूनगर स्थित श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में संवत्सरी पर पर्व मनाया





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

बापूनगर स्थित श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर में पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व की आठ दिवसीय आराधना के तहत मंगलवार को संवत्सरी पर्व श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। संवत्सरी की आराधना करने के लिए मंदिर में श्रद्धालु उमड़े। इस अवसर पर मंदिर में परमात्मा की भव्य आंगी रचना के साथ मंदिर में विशेष सजावट की गई। संवत्सरी महापर्व पर शाम को मंदिर में परमात्मा की 108 दीपक की आरती श्रद्धापूर्वक की गई। शाम ढलने के बाद उपासरे में भीलवाड़ा के प्रसिद्ध गायकों के द्वारा भव्य भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। श्री संभवनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर समिति के तत्वावधान में पर्युषण के अंतिम दिन मंगलवार को पक्षाल व केसर पुजा का लाभ विजयसिंह,ऋषभ, अंश कोठारी परिवार ने प्राप्त किया। परमात्मा की प्रातःकालीन आरती एवं मंगल दीपक का लाभ चंचलमल,ललित,सुनील, अंकुश,रोहित, लोकेश,तुषार,संयम कर्णावट परिवार ने पाया। नाकोड़ा भैरूजी देव एवं पद्मावती माता की आरती का लाभ उत्तमचंद, दिनेश कोठारी परिवार ने लिया। परमात्मा की अंगरचना का लाभ घीसीबाई भंवरलाल, विमलभाई नागोत्रा(सोलंकी) परिवार शिवगंज वाले ने प्राप्त किया। इसी तरह सांयकालीन भगवान की आरती एवं मंगलदीपक का लाभ श्रीमती कनिका गुगलिया, युग कावड़िया,नमन गोलेछा, संयम कर्णावट ने एवं नाकोड़ा भैरव देव एवं पद्मावति माता की आरती का लाभ लाड़देवी, यश कोठारी ने प्राप्त किया। परमात्मा की पूजा करने वाले बच्चों की प्रभावना के लाभार्थी प्रेमचंद गुगलिया परिवार रहा। अंगरचना बनाने में विशेष सहयोग दिनेश गोलेछा,संजय लोढ़ा,आकर्षि कोठारी, संयम कर्णावत, खुशी मेहता, युग कांवड़िया, साक्षी आंचलिया का रहा।

इससे पूर्व सोमवार रात भक्ति संध्या का आगाज गोविन्द गुरवा ने नवकरमन्त्र से करने के बाद जहा नेमि के चरण पड़े भजन सुनाकर किया। भजन गायिका श्रेया रांका ने सजा दो घर को गुलशन सा, ऊंचा अम्बर थी आओ ने प्रभु जी, थोड़ा इंतजार करो मेरे दादा आने वाले है, ओ प्रभु जी थारो भक्त बनू में, पार्श्व नाम अति मीठा, परमात्मा थी रंगासे म्हारी आत्मा जैसे भजनों की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय बना दिया।


उन्होंने भक्तों के आग्रह पर पद्मावती माता के भजनो का गरबा करा कर महिलाओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। हर कोई उनके साथ परमात्मा की भक्ति में डूब गया। पर्युषण महापर्व की आठ दिवसीय आराधना को सफल बनाने में मंदिर समिति को बलवंत मेहता, राजमल सिंदुरिया, संजय लोढ़ा, विवेक खाब्या, सुनील कर्णावट, अग्रज बिराणी, पंकज लोढ़ा, दिलीप जैन, आशीष खाब्या, सुनीता खाब्या, लक्की खाब्या, जीतेन्द्र आंचलिया, मनोज महात्मा, सुशील रांका, नमन गोलेछा, खुशी मेहता, साक्षी आंचलिया, युग कावड़िया, संयम कर्णावट, आकर्षि कोठारी, कनिका गुगलिया, श्रेयांश गुगलिया, नेहा कावड़िया, ऋषभ कोठारी आदि का विशेष सहयोग मिला। मंदिर समिति के संरक्षक सुशीलादेवी सिंघवी, बलवंतसिंह मेहता, अध्यक्ष मनीष बापना, उपाध्यक्ष गुणवंतलाल जैन, मंत्री दिनेश गोलेछा,सहमंत्री कुलदीप गुगलिया,कोषाध्यक्ष अनिल बिसलोत आदि पदाधिकारियों ने संवत्सरी महापर्व पर होने वाले कार्यक्रमों में पधार कर कर्मो की निर्जरा कर भक्ति का आनंद लेने वाले सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।



QUICK BITES

जलझूलनी एकादशी पर गेगा का खेड़ा में सजेगा फूलडोल महोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।



जलझूलनी एकादशी के अवसर पर गेगा का खेड़ा गांव में श्रद्धा और भक्ति का रंग देखने को मिलेगा। गांव में श्री लक्ष्मीनाथ भगवान फूलडोल महोत्सव का आयोजन 22 सितंबर को किया जाएगा। महोत्सव को लेकर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है तथा आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

ग्राम के ग्राउंड में होने वाले धार्मिक आयोजन में श्री लक्ष्मीनाथ भगवान की विशेष पूजा-अर्चना एवं दर्शन के साथ भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। इस दौरान विभिन्न कलाकार भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेंगे।

आयोजकों ने बताया कि फूलडोल महोत्सव में क्षेत्र सहित प्रदेशभर से धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। श्रद्धालु भगवान लक्ष्मीनाथ के दर्शन एवं भजन-कीर्तन में शामिल होकर धार्मिक कार्यक्रम का लाभ ले सकेंगे।

आयुक्त यादव ने बडला चौराहा, जूनावास, बहाला, पंचमुखी रोड व भवानी नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त कमल सिंह यादव ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था एवं चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं अभियंताओं को शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

आयुक्त यादव ने बडला चौराहा, जूनावास, नीलगिरो की मस्जिद, बहाला, पंचमुखी रोड एवं भवानी नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर स्वच्छता की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा सार्वजनिक स्थलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुर घाटी स्थित हनुमान जी सड़क निर्माण कार्य तथा बलिया खेड़ा गांव से श्मशान घाट तक बन रही सीसी सड़क का भी मौके पर अवलोकन किया गया। बलिया खेड़ा सड़क मार्ग के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सड़क का स्लोप निर्धारित मानकों के अनुरूप सही करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों को दिए, ताकि आमजन के आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। उन्होंने अधिकारियों एवं अभियंताओं को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंडों का पूरा ध्यान रखा जाए तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।



मोबाईल छोड़ो- मैदान अपनाओ, खेलों से निखरेगा बच्चों का भविष्य - पूर्व जिला प्रमुख धाकड़

खेलों से बढ़ता है आत्मविश्वास और मानसिक मजबूती पूर्व जिला प्रमुख धाकड़, लटाला में 70 वी 11 वर्षीय छात्र छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला



खेल बच्चों के समग्र विकास का अहम आधार है उन्होंने बच्चों को मोबाइल के बढ़ते उपयोग से दूर रहने और अधिक समय मैदान में बिताने का संदेश दिया यह बात क्षेत्र लटाला में 70 वी मांडलगढ़ वृत स्तरीय 11 वर्षीय छात्र छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जिला प्रमुख इंजीनियर कन्हैया लाल धाकड़ ने कही उन्होंने कहा कि खेल में ईमानदारी और अनुशासन होना जरूरी है और कहा कि हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू है,अगर कोई टीम हारी है तो मनोबल ना गिराए हौंसला रखे और जितने वाले ज्यादा उत्साहित ना हो और लगातार अभ्यास करे, खिलाड़ियों को जीवन में हार नहीं मानने और संघर्ष करने के लिए प्रेरित किया।समारोह की अध्यक्षता सरथला प्रशासक ब्रह्मा लाल कंजर ने की। समाजसेवी डॉ एन के सोनी ने बच्चों को कहा कि खेल हमें उन्नति की और ले जाता है,खेल से खिलाड़ियों में धैर्य,संयम, टीम भावना और सौहार्द सिखाता है और खेल में निर्णय लेने कि क्षमता का विकास होता है,जीते हुए खिलाड़ी लगातार अभ्यास कर अपने गांव और तहसील जिले का नाम रोशन करे।समारोह पूर्व जिला प्रमुख इंजी कन्हैया लाल धाकड़ के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिविशिष्ट अतिथि एन के सोनी, विशिष्ट अतिथि एसएमसी अध्यक्ष मिश्री लाल वैष्णव, पूर्व सीआर मनीष मेघवंशी, राजेंद्र कुमार रैगर, रामजस जाट,सत्यनारायण साल्वी,जीएसएस अध्यक्ष सांवता गुर्जर,मोनू धाकड़,कालू लाल, पप्पू लाल, नीलेश मंत्री, शंकर गुर्जर सहित ग्रामवासी मौजूद रहे। सभी अतिथियों का स्वागत राजमल रेगर,विमलेश वैष्णव,मिश्री दास वैष्णव ने किया।संस्था प्रधान राजमल रैगर ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य तकनीकी सलाहकार अरुण शर्मा ने बताया कि छात्र वर्ग कबड्डी में रलायता, द्वितीय सारण का खेड़ा, छात्रा वर्ग में लटाला, द्वितीय हरजसपुरा, खो खो छात्र वर्ग में हरपुरा , छात्रा वर्ग में गणेशपुरा, छात्र वर्ग में जिम्नास्टिक में लटाला प्रथम, धामनिया द्वितीय, छात्रा वर्ग में धामनिया प्रथम, लटाला द्वितीय, 50मीटर दौड़ में गणेशपुरा प्रथम , लटाला द्वितीय , लंबी कूद छात्रा वर्ग में लटाला प्रथम, छात्र वर्ग में सरथला, रिले दौड़ में हरपुरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद, निबंध, एकाभिनय, विचित्र वेशभूषा, समूहगान, सुगम संगीत में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय को मुख्य अतिथि पूर्व जिला प्रमुख धाकड़ ने शिल्ड ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।सभी विजेता और उप विजेता टीमों को पुरस्कार, मोमेंटो वितरण किया गया।

सभी अतिथियों का स्वागत स्वागत शंकर लाल धाकड़, प्रभु लाल,बंशी लाल धाकड़, नारायण लाल, राजू लाल, सुनिल, गोपाल, पप्पू लाल,विमलेश वैष्णव सहित ग्रामवासियों ने स्वागत अभिनंदन किया।

मण्डफिया चारणान में निशुल्क नेत्र शिविर, 223 रोगियों की जांच

56 मोतियाबिंद रोगियों का होगा निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

नेत्र रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मण्डफिया चारणान स्थित भेरूनाथ मंदिर प्रांगण में मंगलवार को विशाल निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का आयोजन गोमाबाई नेत्रालय नीमच, जिला अंधता निवारण सोसायटी भीलवाड़ा एवं सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। फाउंडेशन के सचिव गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि समाजसेवी किशन प्रजापत के सहयोग से आयोजित शिविर में मण्डफिया चारणान सहित दूरदराज क्षेत्रों से भी जरूरतमंद मरीज पहुंचे।

शिविर में कुल 223 रोगियों का निशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। इस दौरान जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क चश्मे एवं दवाइयां वितरित की गईं। जांच के दौरान चयनित 56 मोतियाबिंद रोगियों का निशुल्क लेंस प्रत्यारोपण गोमाबाई नेत्रालय नीमच द्वारा भीलवाड़ा में किया जाएगा।

बच्चों ने मिट्टी से गढ़े गणेश, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

दीपिका आर्ट अकादमी की कार्यशाला में बच्चों ने सीखी मृणकला, घर में ही विसर्जन का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर में पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक कला को बढ़ावा देने की अनूठी पहल की गई। दीपिका आर्ट अकादमी एवं कल्याणी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों के लिए मिट्टी से गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी कल्पनाशीलता को मिट्टी के जरिए मूर्त रूप दिया और भगवान गणेश की सुंदर प्रतिमाएं तैयार कीं।

कल्याणी फाउंडेशन की दिव्या जैन ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में पारंपरिक भारतीय मृणकला एवं हस्तशिल्प के प्रति रुचि विकसित करने के साथ ही ईको फ्रेंडली गणेशोत्सव का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। बच्चों ने अपने हाथों से मिट्टी को आकार देकर प्रतिमाएं बनाईं। यह अनुभव उनके लिए रचनात्मकता के साथ प्रकृति से जुड़ने का माध्यम भी बना।

घर में ही हो सकेगा विसर्जन

दीपिका आर्ट अकादमी की निदेशक दीपिका पाराशर ने बताया कि मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं को पूजा के बाद घर में ही आसानी से विसर्जित किया जा सकता है। प्रतिमाओं का विसर्जन घर के गमले, बगीचे अथवा मिट्टी में किया जा सकता है। इससे नदियों, तालाबों एवं अन्य जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने शहरवासियों से इस वर्ष गणेश चतुर्थी को हरित पर्व के रूप में मनाने तथा अधिक से अधिक ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ पारंपरिक कला एवं सांस्कृतिक मूल्यों को भी प्रोत्साहन मिलेगा

बच्चों के साथ युवा और महिलाएं भी जुड़े

कार्यशाला को लेकर बच्चों के साथ युवा एवं महिलाओं में भी उत्साह देखने को मिला। आयोजकों के अनुसार इस तरह की गतिविधियां बच्चों में रचनात्मकता विकसित करने के साथ उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

कार्यक्रम में शिवांगी टेलर, गरिमा चपलोत, रियांशी चपलोत, लवीना डांगीत, रिषा सिंघवी, अतुल शर्मा, देवकृष्ण शर्मा,



कनिष्का चौहान, सोहम बहरवानी, अनाया गोगिया, प्रीतिशा अजमेरा, जीविथा जैन, आरना, आशिता काबरा, राधिका तोषनीवाल, अविका शर्मा, जरनवारस दास, श्रुति सोनी, गुंजन बहेड़िया, कृतार्थ सोमानी, रौनक पटवारी, तनीषा माहेश्वरी, प्रियंका जगतिया एवं नंदनी सोनी ने भाग लिया।

नगर निगम आयुक्त ने किया शहर का औचक निरीक्षण

सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए गुणवत्ता के निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार नगर निगम आयुक्त कमल सिंह यादव ने मंगलवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था के साथ चल रहे विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं अभियंताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आयुक्त यादव ने बडला चौराहा, जूनावास, नीलगिरो की मस्जिद, बहाला, पंचमुखी रोड एवं भवानी नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने तथा नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुर घाटी स्थित हनुमान जी सड़क निर्माण कार्य तथा बलिया खेड़ा गांव से श्मशान घाट तक निर्माणाधीन सीसी सड़क का भी जायजा लिया गया। बलिया खेड़ा सड़क मार्ग के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने सड़क का स्लोप निर्धारित मानकों के अनुरूप करने के निर्देश संबंधित ठेकेदार एवं अधिकारियों को दिए, ताकि आमजन को आवागमन में परेशानी न हो।

आयुक्त ने अधिकारियों एवं अभियंताओं को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही निर्धारित मापदंडों के अनुसार कार्य समय पर पूरा करने और कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

भीलवाड़ा में 17 सितंबर से शुरू होगा 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान

एक माह तक चलेंगी स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियां, पहले चरण में 17 से 22 सितंबर तक विशेष अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

नगर निगम की ओर से 17 सितंबर से 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान शुरू किया जाएगा। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार तथा स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान के निर्देशानुसार आयोजित होने वाला यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। इस वर्ष अभियान की थीम 'स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत' रखी गई है। अभियान के दौरान आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें दीप प्रज्वलन, सीटीयू की सफाई एवं सौंदर्यीकरण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यशाला, विद्यार्थियों को ठोस कचरा प्रबंधन एवं संबंधित सुविधाओं की जानकारी देना तथा सार्वजनिक स्थलों एवं सार्वजनिक शौचालयों की विशेष सफाई शामिल है।

'एक पेड़ मां के नाम' के तहत होगा पौधारोपण

अभियान के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही निगम अधिकारियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया जाएगा।

17 से 22 सितंबर तक विशेष गतिविधियां

स्वच्छता ही सेवा अभियान के प्रथम चरण में 17 से 22 सितंबर तक नगर निगम की ओर से विशेष स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ स्वच्छता कार्यों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है।

संतों की संगति व भक्ति से होती आत्मानंद व परमसुख की प्राप्ति -आचार्य रामदयालजी महाराज

मां संसार में बच्चें की प्रथम गुरू, उससे मिले संस्कार करते जीवन का निर्माण- संत मनोरथराम





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

ऋषि पंचमी का यही संदेश है कि संतों की संगति से विषमता से मुक्ति ओर समता के अमृत से आत्मानंद की प्राप्ति होती है। इस कलिकाल में भी संत ही है जो धर्म से जोड़ सकते है। संतो के चलने से ज्ञान,भक्ति, वैराग्य, धर्म व आत्मीयता की हवा चलती है तो अज्ञानता की प्रचण्ड गर्मी से झुलसने वाला व्यक्ति राहत पाकर आत्मीय सुख की अनुभूति करता है। संत से मिलने से बड़ा सुख इस संसार में कोई नहीं हो सकता। ये विचार अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा के पीठाधीश्वर जगतगुरू आचार्य स्वामी श्रीरामदयालजी महाराज ने माणिक्यनगर रामद्वारा में ''विश्व शांति कल्याण'' चातुर्मास के तहत आयोजित विराट श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह के तीसरे दिन मंगलवार को वाणीजी प्रवचन में व्यक्त किए। भागवत ज्ञान सप्ताह के तहत दूसरे दिन व्यास पीठ से संत मनोरथराम रामजी राम मचलाना ने विभिन्न प्रसंगों का वाचन किया।

आचार्य रामदयाल महाराज ने सभी को ऋषि पंचमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि ये ऋषि पूजन दिवस है। हमारे ब्रहमऋषि, देवऋषि सब ऋषि महाप्रभु स्वामी रामचरण महाराज ऐसे ऋषि है जिन्होंने नाम के अर्थ को अपनी साधना से भागीरथ बन ऐसा भागीरथी प्रवाहित की कि जिसने भी उसमें डूबकी लगाई आत्मशक्ति जागृत हुई, आत्मानंद की प्राप्ति एवं कल्पनातीत परम सुख की प्राप्ति करता है। सनातन धर्म के कुछ समाजों में इस अवसर पर रक्षासूत्र बांध इसे रक्षाबंधन का सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि संत जहां प्रकट होते है वहां तीर्थधाम बन जाता है। स्वामी रामचरण महाराज के पावन चरण जिस धरा पर पड़े वह भीलवाड़ा धाम एवं शाहपुरा धाम तीर्थों के तीर्थ बन गए है यहां सारे तीर्थ समाहित है। सारे धामों के मध्य ये दोनों धाम है। आपके मन में गुरू के प्रति श्रद्धा व निष्ठा अडिग होगी तो उसकी कृपा प्राप्त होगी। स्वामी रामचरण महाराज ने प्रेरणा देकर कई संत व ब्रह्म ऋषि तैयार किए।

आचार्य रामदयाल महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्र ऋषि बताते हुए कहा कि वह देश के सर्वोच्च सिंहासन पर होकर भी एक अद्भुत ऋषि की तरह हिमालय की तलहटी व केदारनाथ में साधना व तपस्या करते है ओर अपने लिए कुछ नहीं मांगते यहीं कामना करते है कि हमारा भारत विश्व में शांति का साम्राज्य स्थापित करे। इसी भावना से पूरे विश्व के प्रिय है। वह तपस्वी व साधक की तरह जीवन बीता राष्ट्र सेवा में लगे है। उन्होंने सनातन धर्म को आत्मसात किया एवं नाम साधना में अग्रणी रहे। हम भारत राष्ट्र कें स्र्वांगीण विकास की कामना करते है।

इससे पूर्व व्यास पीठ से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन करते हुए संत मनोरथराम रामजी राम मचलाना ने ध्रुव चरित्र आदि प्रसंगों की चर्चा करते हुए कहा कि मां की महिमा अपरम्पार होती है। मां से मिले संस्कार ही बच्चें में गुणों को संवारते है ओर व्यक्तिव निर्माण करते है। मां बच्चें की प्रथम गुरू होती है उससे संस्कार पाकर ही राष्ट्र को महाराणा प्रताप व वीर शिवाजी जैसे महान विभूतियां प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि मां बच्चों को नेकदिल संस्कारी इंसान बना सकती है ओर मन में बलिदान व सेवा के भाव जागृत कर सकती है। बच्चों को धर्म से जोड़ने वाली भी मां होती है।

संत मनरथराम ने कहा कि जीवन में सुख शांति के लिए समन्वयवादी सोच बहुत जरूरी है। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करे ओर ये नहीं माने कि मात्र मैं ही सही हूं। हमारी पांच अंगुलियां एक समान नहीं हो सकती तो परिवार के सदस्यों की सोच भी एक जैसी नहीं हो सकती। समन्वयवादी सोच से ही परिवार, समाज व राष्ट्र प्रगति करता है। उन्होंने कहा कि शरीर काम करना बंद कर देता लेकिन मन संसार के सुखों से नहीं भरता। आत्मा का कल्याण चाहते है तो हर पल परमात्मा का स्मरण करते रहे। उन्होंने माता-पिता की सेवा की प्रेरणा देते हुए कहा कि आज अंग्रेजी शिक्षा का बढ़ता चलन बच्चों को संस्कारों से दूर कर रहा है। संस्कार तो परिवार व गुरू से ही मिलते है। हमारे मन में आदरभाव, आत्मीयता व संवेदना नहीं है तो कोई भी सम्बन्ध हमारा कल्याण नहीं कर सकता।

श्रीमद् भागवत के कथा के दौरान कई भजनों ने माहौल को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। चातुर्मास आयोजन समिति के अनुसार 20 सितम्बर तक चलने वाले श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह में प्रतिदिन सुबह 8.30 से 10.30 बजे तक एवं दोपहर 2 से 4 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा एवं सुबह 10.30 बजे से 11.30 बजे तक एवं शाम को 4 से 5 बजे तक श्रीवाणीजी का प्रवचन होगा। इस आयोजन में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भीलवाड़ा पहुंचे है।

रामद्वारा में गूंज रही भागवत की पवित्र वाणी

श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह के तहत पुष्कर से आए विद्धान पंडितों द्वारा 108 भागवत का मूल पाठ रामद्वारा परिसर में किया जा रहा है। सुबह पाठ प्रारंभ करने से पूर्व इनका पूजन 108 यजमान परिवारों द्वारा किया गया। पूजा अर्चना के बाद विद्धानों ने भागवत का मूल पाठ किया तो पूरा वातावरण मंत्रों से पावन एवं पवित्र हो गया। जहां मूल भागवत पाठ चल रहा था उस पावन नजारे का बाहर से ही सैकड़ो श्रद्धालुओं ने दर्शन किया। दुनिया के कई देशों में रहने वाले श्रद्धालुओं की भावना के अनुरूप मूल भागवत के ऑनलाइन पूजन की भी व्यवस्था की गई है।

मानव सेवा का मंदिर बना रामस्नेही चिकित्सालय

आचार्य रामदयाल महाराज ने कहा कि स्वामी रामचरण महाराज की पावन कृपा एवं पुण्य प्रताप से भीलवाड़ा धाम में पहले चातुर्मास के दौरान ऋषि पंचमी पर मानव सेवा के मंदिर रामस्नेही चिकित्सालय की स्थापना हुई तो मात्र 30 मिनट में 35 लाख रूपए गुरू कृपा से सनातनी धर्मावलम्बी उनके अनुयाईयों ने एकत्रित कर लिए। चिकित्सालय प्रबंध समिति सहित पूरा चिकित्सालय स्टॉफ समर्पित भाव से मानव सेवा में जुटा हुआ है। यहां रोते हुए लोग आते है ओर सेवा प्राप्त कर हंसते हुए जाते है। अन्तरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा द्वारा मानव सेवा, गौवंश सेवा आदि के कई प्रकल्प संचालित किए जा रहे है। शाहपुरा धाम के द्वार पर प्रतिदिन सुबह राम कलेवा मिलता है तो कई जगह गौसेवा की जा रही है। रामस्नेही गुरूकुल संस्कार केन्द्र बना हुआ है।

आचार्य पुलकसागर महाराज के सानिध्य में दशलक्षण महापर्व की आराधना कल से

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज संसघ के सानिध्य में शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में दशलक्षण (पर्युषण) महापर्व की आराधना शहर के शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में बुधवार से शुरू होगी। पहले दिन उत्तम क्षमा धर्म का पूजन होगा। दस दिवसीय आराधना अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर 25 सितम्बर को पूर्ण होगी। दशलक्षण महापर्व के तहत प्रतिदिन धार्मिक भक्ति से ओतप्रोत विभिन्न कार्यक्रम होंगे ओर प्रतिदिन धर्म से सम्बन्धित अलग-अलग विषय पर प्रवचन होंगे। दशलक्षण पर्व के साथ ही बुधवार से दस दिवसीय पाप नाशनम् शिविर का आयोजन होगा। इस शिविर में शामिल होने के लिए 600 से अधिक श्रावक श्राविकाओं ने पंजीयन कराया है। दशलक्षण महापर्व की पूर्व संध्या पर आचार्य पुलकसागर महाराज ने संदेश में कहा कि दशलक्षण पर्व मन की सफाई करने का अवसर है। यह पर्व आकर हमारे अंतःकरण में दया,क्षमा ओर मानवता को जगाने का कार्य करते है। इसीलिए हमे अपने जीवन में धर्म के दस सौपानों को धारण करना चाहिए। इन्हीं दस सौपानों को समझने का अवसर दशलक्षण पर्व हमे देता है।

श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि दशलक्षण महापर्व एवं पाप नाशनम् शिविर



आयोजन से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 5.30 से 6.30 बजे तक योग ध्यान एवं आचार्य भक्ति होगी। सुबह 7 बजे से भगवान का अभिषेक, शांतिधारा व दशलक्षण धर्म पूजन होगा। सुबह 9.15 से 10.15 बजे तक आचार्य पुलकसागर महाराज के प्रवचन होंगे। इसके बाद आहारचर्या होगी। शाम 4 बजे से धार्मिक कक्षाएं होगी। शाम 5.30 से 6.30 बजे तक प्रतिक्रमण एवं ध्यान साधना होगी। शाम को 6.30 बजे आरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम होगी। चातुर्मास समिति के संयोजक मनीष शाह एवं सह संयोजक लोकेश अजमेरा के अनुसार दसलक्षण महापर्व के तहत पहले दिन उत्तम क्षमा, दूसरे दिन उत्तम मार्दव, तीसरे दिन उत्तम आर्जव, चौथे दिन उत्तम शौच, पांचवे दिन उत्तम सत्य, छठे दिन सुगंध दशमी को उत्तम संयम, सातवें दिन उत्तम तप, आठवे दिन उत्तम त्याग, नवें दिन उत्तम आकिंचन्य एवं अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी पर उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म दिवस मनाते हुए आराधना की जाएगी। दशलक्षण पर्व सम्पन्न होने पर 27 सितम्बर को सामूहिक क्षमावाणी का आयोजन होगा।

QUICK BITES

महिलाओं ने ऋषि पंचमी त्यौहार मनाया

भीलवाड़ा फोकस @ गुरलाँ



राष्ट्रीय राजमार्ग 758 स्थित गुरला बस स्टैंड स्थित सदाबहार महादेव मंदिर में महिलाओं ने ऋषि पंचमी मनाई, इस पर्व के तहत महिलाओं द्वारा पूजा अर्चना की और व्रत रखा इस त्यौहार के दिन महिलाएं हल द्वारा बोही गई फसल को ग्रहण नहीं करती हैं यह त्यौहार पुरानी मान्यता के अनुसार मनाया जाता है रेखा सेन मीरा देवी सेन, मधु सेन, उषा सेन, पायल सेन ने पुजा की ।

विश्वकर्मा दिवस पर आज निकलेगी वाहन रैली

त्रिवेणी संगम से शुरू होकर सिंगोली श्याम विश्वकर्मा मंदिर पहुंचेगी शोभायात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।

जांगिड़ समाज की ओर से आज विश्वकर्मा दिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर त्रिवेणी संगम से भव्य शोभायात्रा एवं वाहन रैली निकाली जाएगी।

सिंगोली श्याम जांगिड़ विश्वकर्मा विकास कमेटी अध्यक्ष कन्हैयालाल जांगिड़ एवं विश्वकर्मा विकास कमेटी त्रिवेणी संगम अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ ने बताया कि वाहन रैली सुबह 9 बजे त्रिवेणी संगम से रवाना होगी। रैली मांडलगढ़, बलदाखा, सराणा एवं मोटरों का खेड़ा होते हुए सिंगोली श्याम स्थित विश्वकर्मा मंदिर पहुंचेगी।

मंदिर पहुंचने के बाद भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना एवं आरती की जाएगी। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

बाड़िया भैरूनाथ मंदिर में आज होगी विशाल भजन संध्या

भीलवाड़ा फोकस @ कोशीथल।



जय श्री खेजड़ा भैरूनाथ पीपली श्याम विकास सेवा समिति के तत्वावधान में बाड़िया भैरूनाथ मंदिर परिसर में बुधवार को भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 'एक शाम श्री खेजड़ा भैरूनाथ पीपली श्याम के नाम' विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा।

कार्यक्रम में भजन गायक धनराज मीणा एवं भावेश पाराशर भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम का मंच संचालन बबलू शर्मा करेंगे। वहीं राखी रंगीली, शालु नागौरी और सोनू सैनी भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में कॉमेडी कलाकार सांवर सेन लोगों का मनोरंजन करेंगे।

समिति की ओर से बताया गया कि आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

अजनबी से सावधान, बच्चों को बहला-फुसलाकर ले जाने और बाल तस्करी के प्रति किया जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।



राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार मंगलवार को तालुका विधिक सेवा समिति, गंगापुर की ओर से 'अजनबी से सावधान-मना करो, दूर जाओ, बताओ' विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

तालुका विधिक सेवा समिति के सचिव निखिलेश जीनगर ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गंगापुर अमित दवे ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डेलाना तथा सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट गंगापुर पारुल चौहान ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को बच्चों को बहला-फुसलाकर ले जाने और बाल तस्करी के प्रति जागरूक किया।

अभियान के दौरान बच्चों, अभिभावकों एवं आमजन को संदिग्ध गतिविधियों के प्रति सतर्क रहने तथा ऐसी किसी भी घटना की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों को देने की अपील की गई। बच्चों को बताया गया कि अपराधी झूठे वादों, उपहार, पैसे अथवा अन्य प्रलोभनों के माध्यम से उन्हें अपने जाल में फंसा सकते हैं। ऐसे में अनजान व्यक्तियों से सावधान रहने और किसी अपरिचित व्यक्ति के साथ अकेले नहीं जाने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम में ऑनलाइन खेलों के माध्यम से बच्चों को दिए जाने वाले प्रलोभनों के प्रति भी जागरूक किया गया। बताया गया कि ऐसे प्रलोभनों के कारण बच्चों और उनके परिवारों को आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ सकता है।

इस अवसर पर अधिवक्ता मदनलाल जीनगर, अंकित सुवालका, हिमांशु जीनगर, न्यायालय कर्मचारी जयकुमार रहेजा, पीएलवी नारायण लाल सरगरा एवं राजेंद्र टेलर सहित दोनों विद्यालयों के प्रधानाचार्य और अध्यापकगण उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।